सं०सं०–03/स्था०रा०से०(प्रतिनियुक्त)–85/2024–...(3)/रा०,

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रेषक,

सी० के० अनिल,
प्रधान सचिव।

सेवा में,

ई–मेल

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय,
निदेशक, भू–अर्जन निदेशालय,
निदेशक, चकबंदी निदेशालय,
सभी प्रमण्डलीय आयुक्त,
सभी समाहर्त्ता, बिहार।

पटना–15, दिनांक–......................

विषय :– प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति रद्द करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राजस्व सेवा संवर्ग के विभिन्न पदाधिकारियों को प्रशासनिक दृष्टिकोण/कार्यहित एवं अन्य कारणों से विभागीय विभिन्न आदेशों द्वारा जिला/प्रमण्डल/निदेशालय/मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया है।

विभागीय समीक्षा के क्रम में पाया गया है कि प्रतिनियुक्ति के कारण संबंधित पदाधिकारियों के मूल पदस्थापन वाले कार्यालय में राजस्व संबंधी कार्यों के निष्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है एवं जनमानस को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

उपर्युक्त के आलोक में सम्यक विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया है कि प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति दिनांक–31.03.2026 के प्रभाव से स्वतः समाप्त हो जायेगी। सभी पदाधिकारी दिनांक–01.04.2026 तक अपने–अपने पदस्थापन कार्यालय में निश्चित रूप से योगदान करेंगे एवं उनका माह–अप्रैल, 2026 का वेतनादि अपने पदस्थापन कार्यालय/जिला से प्राप्त करेंगे।

अतएव उपरोक्त निर्णय का अनुपालन हेतु सभी संबंधितों को अपने स्तर से भी निदेशित किया जाए।

विश्वासभाजन,
ह०/–
(सी० के० अनिल),
प्रधान सचिव।

ई–मेल

ज्ञापांकः–03/स्था०रा०से०(प्रतिनियुक्त)–85/2024–...............(3)/रा०, पटना–15, दिनांक–............

प्रतिलिपि–सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार/सभी जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, बिहार/सभी उप निदेशक, चकबंदी/बिहार राजस्व सेवा के अधीन कार्यरत सभी पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/–
(सी० के० अनिल),
प्रधान सचिव।

ई–मेल

ज्ञापांकः–03/स्था०रा०से०(प्रतिनियुक्त)–85/2024–512**.......(3)/रा०, पटना–15, दिनांक–**06.03.2026

प्रतिलिपि– आई०टी० मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं सभी संबंधितों को ई–मेल करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

06/03/2026

(सी० के० अनिल),
प्रधान सचिव।